दिन– रविवार

दिनांक– 03 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के बाद, अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने कोई भी दावा या आपत्ति दर्ज नहीं कराई है।

02. आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना करने के साथ बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी की वृद्धि।

03. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां कटिहार, भागलपुर और समस्तीपुर जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर किया अलर्ट।

04. और, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के कारण गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, घाघरा और कमला बलान सहित प्रमुख नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही है बढ़ोतरी।

---

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के बाद, अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने कोई भी दावा या आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। आयोग ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाने के लिए कोई दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की है। निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. दो हजार पच्चीस के तहत गणना चरण पूरा होने के बाद मतदाता सूची का प्रारूप जारी किया था। इधर, मतदाता प्रारुप सूची से छूटे मतदाताओं के दावा आपत्ति दर्ज करने के लिए राज्य भर में विशेष शिविर लगाकर लोगों से आवेदन लिए जा रहे हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने मतदाता–सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। बीएलओ की वार्षिक पारिश्रमिक छह हजार रुपये से बढाकर बारह हजार रुपये कर दिया गया है। बीएलओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि भी एक हजार से बढाकर दो हजार रुपये कर दी गई है। इधर, बीएलओ पर्यवेक्षकों को अब सालाना बारह हजार रुपये की जगह अठारह हजार रुपये मिलेंगे। पहली बार, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, ईआरओ और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों, एईआरओ को भी मानदेय देने की घोषणा की है। लेगा। निर्वाचक

पंजीकरण अधिकारियों को तीस हजार तथा सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को पच्चीस हजार रुपये दिए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने बिहार में गहन पुनरीक्षण कार्य से जुड़े बीएलओ के लिए छह हजार रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि भी मंजूर की है।

---

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने आयुष मंत्रालय से परामर्श के बाद, आयुर्वेदिक आहार की एक सूची जारी की है। इससे खान–पान को लेकर भारत के सदियों पुराने ज्ञान को मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी और उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों– दोनों में विश्वास बढ़ेगा। इसके अलावा, आयुर्वेदिक आहार उत्पाद तैयार करने के लिए कारोबारियों को भरोसेमंद संदर्भ सामग्री भी मिल सकेगी। आयुष तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्री प्रताप राव जाधव ने लोगों से दीर्घकालिक स्वास्थ्य लाभ के लिए अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद आहार को सम्मिलित करने का आग्रह किया है।

–––बाईट–––

---

बिहार संग्रहालय के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में हर दो वर्ष के अंतराल पर होने वाला बिहार म्यूजियम बिनाले सात अगस्त से शुरु होगा। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि इस वर्ष बिनाले का आयोजन इकतीस दिसंबर तक होगा। कला, संस्कृति, विरासत और रचनात्मकता का यह अनूठा समागम होगा। श्री सिंह ने बताया कि इस वर्ष एशिया इंडोनेशिया, श्रीलंका, कजाखिस्तान, लैटिन अमरिका से मैक्सिको, अर्जेंटीना, इक्वाडोर, पेरू, वेनजुएला और इथियोपिया सहित कई अफ्रीकी देशों के कलाकार तथा संस्कृतिकर्मी भाग लेंगे। इन देशों को विकासशील देश यानी ग्लोबल साउथ के रुप में जाना जाता है।

–––बाइट–––

---

भोजपुर में मिले अठारह सौ सत्तावन की क्रांति के इतिहास से संबंधित अभिलेख जिला प्रशासन ने बिहार राज्य अभिलेखागार निदेशालय पटना को सौंप दिया है। ये तात्कालिक शाहाबाद जिला से संबंधित एक सौ उन्नीस कॉरेस्पोंडेंस वॉल्यूम्स हैं। इन ऐतिहासिक अभिलेखों का कालखंड सत्रह सौ चौरानवे ईस्वी. से अठारह सौ साठ ईस्वी के मध्य का है। इनका अध्ययन देश–विदेश के इतिहासकारों और शोधार्थियों को शाहाबाद क्षेत्र के इतिहास के नए तथ्यों से अवगत कराएगा।

---

रेलवे ने पन्द्रह अगस्त तक स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है। अभियान के दौरान रेलवे स्टेशनों, प्लेटफॉर्म और रेलवे पटरियों के आस–पास साफ–सफाई तथा विशेष रूप से कचरों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। अभियान के तहत आज रेलवे कर्मचारियों और उनके परिवारों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जा रही है। वहीं, कल से पूरे देश में स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

---

भारत संचार निगम लिमिटेड, बीएसएनएल ने उपभोक्ताओं को एक रूपये के फ्रीडम प्लान की घोषणा की है। इसके तहत उपभोक्ताओं को पूरे एक महीने तक मुफ्त में बीएसएनएल की स्वदेशी फोर जी सेवा का लाभ दिया जायेगा। इसके अलावा उपभोक्ताओं को नया सिम भी निःशुल्क दिया जायेगा।

---

प्रदेश के अधिकत्तर हिस्सों में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन दिनों तक उत्तर–बिहार के कई जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान है। विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां कटिहार, भागलपुर और समस्तीपुर जिलों के कई स्थानों में अत्यधिक बारिश की सम्भावना जतायी है। वहीं, पटना सहित इक्कीस जिलों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान तीस से चालीस किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात की भी आशंका है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान जमुई के गिद्धौर में सबसे अधिक एक सौ पचासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, घाघरा और कमला बलान सहित कई प्रमुख नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। गंगा नदी के जलस्तर में भी वृद्धि जारी है। गंगा नदी का जलस्तर पटना, भागलपुर और कहलगांव में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है। वहीं, पटना के श्रीपालपुर में पुनपुन नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले चौबीस घंटों में गंगा नदी का जलस्तर बक्सर में भी खतरे के निशान को पार करने की आशंका है। इधर, कोसी नदी खगड़िया और डुमरी और बलतारा के साथ कुर्सेला में भी खतरे के निशान के आस–पास पहुंच गयी है। सुपौल और सहरसा में भी कोसी नदी का जलस्तर तेजी

से बढ़ रहा है। बढ़ते जलस्तर को देखते हुये जल संसाधन विभाग ने तटबंधों की निगरानी करने का निर्देश दिया है।

इधर, मुंगरे के खड़गपुर–तारापुर मार्ग स्थित नगर क्षेत्र के कच्ची मोड़ स्थित डंगरी नदी पर बना डायवर्जन नदी के तेज बहाव के कारण बह गया है। राज्य में जमुई, बांका और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश के चलते जनजीवन अस्त–व्यस्त है। जमुई में कल गिद्धौर और झाझा में एक सौ अस्सी मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई। जमुई में झाझा में स्थानीय बरसाती नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी के कारण एक पुराना पुल क्षतिग्रस्त हो गया है। इसके चलते लोगों को आवा जाही आने में काफी परेशानी हो रही है। जिले के क ई प्रखंडों के बीच संपर्क भी टूट गया है। बांका में भी चांदन सहित अन्य बरसाती नदियां उफान पर है। केंद्रीय जल आयोग ने बांका के अहीरो क्षेत्र में भीषण बाढ़ की चेतावनी जारी की है। लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गयी है। इधर, लखीसराय में भी भारी बारिश के चलते जनजीवन है।

—————————————————

मेडिकल छात्रों के लिए उच्चतर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज देशभर में कई केन्द्रों पर नीट पीजी परीक्षा आयोजित की जा रही है। लगभग ढाई लाख परीक्षार्थी सुबह नौ बजे से दोपहर साढे बारह बजे तक एक ही पाली में परीक्षा देंगे। यह परीक्षा कंप्यूटर– आधारित है।

—————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई की ओर से वर्ष दो हजार छब्बीस में होने वाली दसवीं और बारहवीं का सैम्पल पेपर जारी कर दिया गया है। सैम्पल पेपर के साथ मार्किंग स्कीम भी जारी की गयी है। विद्यार्थी सीबीएसई की वेबसाईट पर सैंपल पेपर देख सकते हैं। बोर्ड ने कहा है कि सैंपल पेपर के तहत प्रश्न प्रारूप और अंक देने की प्रक्रिया के अनुसार सवाल पूछे जायेंगे।

—————————————————

पटना जिले की मसौड़ी तारेगना डीह की सविता देवी को स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति की ओर से विशेष अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। सविता देवी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत प्रदेश भर में सबसे अच्छा घर बनाया है।

—————————————————

सासाराम सिविल कोर्ट की सब जज आरती जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इस संबंध में पटना हाई कोर्ट के रजिस्टार जनरल आदेश जारी किया है।

—————————————————

बक्सर के औद्योगिक थाना क्षेत्र अन्तर्गत दलसागर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

---

भारत और इंगलैंड के बीच लंदन में एंडरसन–तेंदुलकर क्रिकेट श्रृंखला का पाँचवां और अंतिम टेस्ट मैच खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन आज इंग्लैंड एक विकेट पर पचास रन से आगे खेलगा। भारत ने इंग्लैंड को जीत के लिए तीन सौ चौहत्तर रन का लक्ष्य दिया है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– सम्मान निधि योजना में बिहार के तिहत्तर लाख अट्ठासी हजार से अधिक किसानों को मिले एक हजार पांच सौ पन्द्रह करोड़ रूपये।

दैनिक भास्कर लिखता है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मेक इन इंडिया प्रोडक्ट्स को बढ़ावा देने की अपील की, कहा– संकल्प ले घर स्वदेशी सामान ही लायेंगे।

दैनिक जागरण की विशेष खबर है– रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा– हम देश बनाने की करते हैं, राजनीति। समर्थ बिहार के बिना सशक्त भारत का निर्माण सम्भव नहीं।

मतदाता सूची प्रारूप से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुये प्रभात खबर लिखता है– तेजस्वी ने कहा, मेरा इपिक नम्बर बदला, आयोग ने कहा, बूथ संख्या बदली। आज अखबार का शीर्षक है– बिहार में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल। राष्ट्रीय सहारा की सुर्खी है– रेप मामले में पूर्व जेडीएस सांसद रेवन्ना को उम्रकैद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. निर्वाचन आयोग ने कहा – मतदाता सूची के प्रारूप के प्रकाशन के बाद, अब तक किसी भी राजनीतिक दल ने कोई भी दावा या आपत्ति दर्ज नहीं कराई है।

02. आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना करने के साथ बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी की वृद्धि।

03. प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में मानसून की सक्रियता से बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज किशनगंज, अररिया, पूर्णियां कटिहार, भागलपुर और समस्तीपुर जिलों में कई स्थानों पर भारी बारिश को लेकर किया अलर्ट।

04. और, प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में हो रही बारिश के कारण गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, बागमती, घाघरा और कमला बलान सहित प्रमुख नदियों के जलस्तर में तेजी से हो रही है बढ़ोतरी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।